एक नजर में

## गुरु सम्मान समारोह का आयोजन



इंदौर. महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत् गुरु सम्मान समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य दीप प्रज्वलन कर गुरु वंदना से किया गया, जिसमें प्रो.विभोर एरन, डॉ.राकेश उपाध्याय, डॉ.ललित चौहान भी सम्मिलित हुए. गुरु वंदना डॉ.प्रणव श्रोत्रिय द्वारा करवाई गई. तत्पश्चात् कार्यक्रम की श्रृंखला में गुरु सम्मान किया गया, जिसमें डॉ.परितोष अवस्थी जी को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। गुरु पूर्णिमा की महिमा एवं गुरु का जीवन में स्थान आदि का महत्व बताया ।प्रो.विभोर एरन ने वर्तमान में गुरु की स्थिति पर प्रकाश डाला. डॉ.प्रणव श्रोत्रिय द्वारा आचार्य शंकर का उल्लेख करते हुए कहा कि गुरु स्वयं तपस्या कर अपने शिष्यों हेतु जीवन के कंटक आदि दूर करता है. अन्य प्राध्यापकों ने भी अपने विचार गुरु-शिष्य परंपरा पर अपने विचार व्यक्त किए. संचालन डॉ.गायत्री पलोड़ द्वारा किया गया जिसके लिए रा.से.यो. अधिकारी डॉ.गुरमीत सिंह भाटिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया एवं आभार डॉ.मनदीप कौर छाबड़ा द्वारा माना.

## आबकारी विभाग ने लगाए 51 पौधे



इंदौर. गुरुपूर्णिमा के अवसर पर आबकारी विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए मंगलवार को संत निरंकारी गार्डन, रसोमा चौराहे के पास 51 पौधे रोपे गए. इस अवसर पर करंज, महोगनी, जामुन, सिंदूर और मोर्सली जैसे छायादार और औषधीय महत्व के पौधों का चयन किया गया. पौधारोपण कार्यक्रम में सहायक आबकारी आयुक्त अभिषेक तिवारी की विशेष उपस्थिति रही। उनके साथ सहायक जिला आबकारी अधिकारी (कंट्रोलर) देवेश चतुर्वेदी, डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल, उपनिरीक्षक मनमोहन शर्मा, महेश पटेल, निहाल सिंह बुंदेला, विपुल खरे, अरविंद पंवार, अनिल भालसे, सचिन बडोने, ब्रजेश गोयल सहित विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे.

## अखंड संडे की गोष्ठी में झूम के आया सावन

इंदौर. संस्था अखंड संडे की 1479 वी गोष्ठी ऑनलाइन आयोजित की गई. इस बार सावन की आमद होने से कवियों ने रचनाओं में प्राकृतिक सौंदर्य की मनोहारी छटा व भोले की भक्ति को अभिव्यक्त किया. बारिश के मौसम में मन प्रफुल्लित हो उठता है, प्रकृति खिलखिला उठती है। अपनी खुशी का इजहार किया मुकेश इन्दौरी ने गजल से-दिल का दर्पण हो गया दर्पण, जब से हुए हैं वर्षा के दर्शन, राह किसी की देख रहा हूँ, पड़ गये झूले आ गया सावन. हरमोहन नेमा ने अपनी भावनाओं को व्यक्त किया- हे प्यारे सावन तेरे गुण कैसे गाऊँ, तेरे आने से ही प्राकृतिक सौंदर्य निखर गया। डा. शशिकला अवस्थी ने सावन में शिव की भक्ति का महत्व बताया- सावन में वर्षा मनभावन, शिव की भक्ति है सुखदाई, गरज गरज सावन आया, भक्ति-शक्ति की अलख जगाई. नवनीत जैन ने फूलों पर छाया निखार, महक उठा उपवन, आया मौसम सावन. सरला मेहता ने श्रंगार सुनाया-सावन का ये मास है, बूँदों का त्यौहार, साजन से सजनी मिले, बरसे प्रेम अपार. रशीद अहदम शेख ने पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण का आव्हान किया- पुण्य कर्म कर लीजिए, भू पर ललित ललाम, पौधारोपण कीजिए, अपनी माँ के नाम.

## होम शेफ ने प्रतियोगिता में दिखाया कौशल




इंदौर. एफएमसीजी कंपनी एलटी फूड्स ने इंदौर में दावत वर्ल्ड बिरयानी डे के चौथे संस्करण का आयोजन किया. कार्यक्रम ष्ह्म3 बिरयानी का उत्सव मनाया ।जोश और उत्साह के बीच जहां शेफ, भोजन प्रेमी और कलाकार, बिरयानी को सम्मान देने के लिए इकट्ठा हुए. इस उत्सव का आकर्षण केन्द्र था दावत बिरयानी चैम्पियन लीग, इंदौर में आयोजित एक अनूठी कुलिनरी प्रतियोगिता, जहां होम शेफ और प्रोफेशनल शेफ के कौशल एवं क्षमता के लिए उन्हें सम्मानित किया गया. जजों के पैनल में शेफ सिद्धार्थ शंकर सरमाह एक्जीक्यूटिव शेफ और हेड ऑफ कुलीनरी ऑपरेशन्स, रैडिसन ब्लू, एलटी फूड्स के वरिष्ठ लीडर्स शामिल रहे. दावत बिरयानी चैम्पियन लीग होम शेफ में 5 प्रतिभागियों ने लाईव बिरयानी कुकिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया.. इंदौर से मिली 749 प्रविष्टियों में से इन्हें शॉर्टलिस्ट किया गया था. यह प्रतियोगिता सभी होम शेफ के लिए खुली थी. सलेक्शन के लिए होम शेफ को अपनी रेसिपी का एक वीडियो सबमिट करना था, जिसके बाद जजों के पैनल ने होम विज़िट किया. मिस तजवार इस प्रतियोगिता की विजेता रहीं. प्रतीक शिंदे प्रतियोगिता के रनर-अप रहे. प्रोफेशनल शेफ के लिए इंदौर के टॉप रेस्टोरेन्ट से 236 से अधिक शेफ्स ने अपनी बिरयानी रेसिपी का वीडियो सबमिट किए. रेहवर खान प्रतियोगिता के विजेता रहे. इस अवसर पर रीतेश अरोड़ा, सीईओ, इंडिया बिज़नेस एण्ड फार ईस्ट, एलटी फूड्स ने कहा हमारा मानना है कि इस प्रतिष्ठित व्यंजन के सम्मान में एक दिन का जश्न मनाना चाहिए- जो दुनिया भर के असंख्य परिवारों के दिलों पर राज करती है। हम हर किसी को बिरयानी के प्रति इस लगाव का जश्न मनाने तथा अनूठी यादें बनाने के लिए आमंत्रित करते हैं. के. गणपति सुब्रमण्यम, चीफ़ मार्केटिंग ऑफिसर ने कहा, वर्ल्ड बिरयानी डे, बिरयानी प्रशंसकों के लिए बिरयानी के प्रति अपने लगाव को दर्शाने का एक अनूठा मौका है.

## विशेष बच्चों को ऊर्जा शक्ति पत्ती वितरण




इंदौर. मिताशा फाउंडेशन ने अपने सामाजिक दायित्व और स्वास्थ्य संवर्धन के उद्देश्य को पूरा करते हुए इंदौर के अनुभूति विजन सेवा संस्थान में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया. इस आयोजन में 53 विशेष रूप से सक्षम बच्चों के बीच ऊर्जा शक्ति पत्ती का दान और इसके उपयोग की जागरूकता कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई. इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करना और आत्मनिर्भरता की दिशा में मार्गदर्शन करना था. मिताशा फाउंडेशन के प्रतिनिधि आलोक सिंघी ने इस अवसर पर कहा, हमारा उद्देश्य बच्चों को स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करने के साथ उन्हें आत्मनिर्भरता और सशक्तता की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए भी मार्गदर्शन देना है. ऊर्जा शक्ति पत्ती जैसे सरल और प्रभावी उपायों से हम इन बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं. श्री सिंघी ने बच्चों को ऊर्जा शक्ति पत्ती के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया और इसकी नियमित उपयोग से होने वाले स्वास्थ्य लाभों पर प्रकाश डाला. उन्होंने बताया कि यह पत्ती आयरन की कमी, हीमोग्लोबिन की कमी और रोग प्रतिरोधक क्षमता को सुधारने में सहायक है. इस आयोजन में रोटरी क्लब ऑफ इंदौर यूनाइटेड के अध्यक्ष श्री राजीव टूटेजा ने भी बच्चों को संबोधित किया. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथिगण हर्ष कौल, सुमिता सिंघी, निमिषा सिंघी, कृष्ण शर्मा, धीरज खंडेलवाल भी उपस्थित थे. संचालन और मेज़बानी श्रीमती चंचल सलारिया, ट्रस्टी एवं समन्वयक, अनुभूति संस्थान ने की.

# गुरुओं के सम्मान और ज्ञान के प्रति आभार व्यक्त कर लिया आशीर्वाद, दिए उपहार

**इंदौर. गुरु पूर्णिमा पर्व शहर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया. प्रमुख मठों, मंदिरों और गुरु संस्थानों में सुबह से दर्शन, पूजन, अनुष्ठान और गुरु वंदना के लिए शिष्यों की कतारें लगी रही. शिष्यों ने गुरु चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद लिया और कृतज्ञता व्यक्त की. भक्तों ने गुरुओं के चित्रों और पादुका का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया. संस्थानों को फूलों से आकर्षक रूप से सजाया गया और भक्तों के लिए बैठक व भंडारे की व्यवस्था की गई. इस साथ ही विशेष आयोजन भी किए गए.**

## विद्याधाम पर उमड़ा शिष्यों का सैलाब



विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर गुरूपूर्णिमा महोत्सव के उपलक्ष्य में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा. महिलाओं के अलग-अलग समूहों ने गुरूवंदना स्वरूप भजनों के माध्यम से आश्रम के संस्थापक ब्रम्हलीन स्वामी श्री गिरिजानंद सरस्वती 'भगवन' के मंदिर में कतारबद्ध होकर सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक उनकी पादुकाओं का पूजन किया. महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के पाद पूजन के लिए भी दिनभर कतारें लगी रही. आश्रम परिवार के सुरेश शाहरा, राम ऐरन, पं. दिनेश शर्मा, राजेन्द्र महाजन, पूनमचंद अग्रवाल, रमेशचंद्र राठौर, रमेश पसारी, चंदन तिवारी, सत्यनारायण शर्मा, संजय पंडित, रेणु गुप्ता, ममता शुक्ला सहित अनेक श्रद्धालुओं ने आचार्य पं. राजेश शर्मा के निर्देशन में 'भगवन' की चरण पादुकाओ का पूजन एवं अभिषेक किया. सांसद शंकर लालवानी, नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसी सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, डॉ. उमा शशि शर्मा, पार्षद बरखा मालू, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता दीपक जैन टीनू सहित सहित अनेक राजनेताओं ने आश्रम पहुंचकर महामंडलेश्वरजी का पूजन किया और पूज्य 'भगवन' के मंदिर में दर्शन कर पादुकाओं पर पुष्पांजलि समर्पित की.

## हंसदास मठ पर 15 समाधियों का पूजन



एयरपोर्ट रोड, पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर गुरू पूर्णिमा महोत्सव में देशभर से आए संतों एवं शिष्यों ने संस्थान के अधिष्ठाता हंस पीठाधीश्वर श्रीमहंत रामचरणदास महाराज के सान्निध्य में मठ के संस्थापक स्वामी हंसदास महाराज सहित मठ परिसर में स्थापित 15 समाधियों का विधि-विधान से गंगाजल, दुग्ध एवं सुगंधित द्रव्यों से अभिषेक किया और पुष्पांजलि समर्पित की. इसके पूर्व पंचमुखी चिंताहरण हनुमानजी को धर्मध्वजा समर्पित की गई. महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज ने बताया कि इस अवसर पर सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, पं. कृपाशंकर शुक्ला, पूर्व महापौर डॉ. उमाशशि शर्मा, पार्षद निरंजनसिंह चौहान, मनोज मिश्रा, संध्या यादव, हरि अग्रवाल, जयदीप जैन, श्यान अग्रवाल, अशोक चौहान चांदू, तनुज दीक्षित, भगवती शर्मा, समाजसेवी विष्णु बिंदल सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने भी महामंडलेश्वर एवं अन्य संतों का पाद पूजन कर समाधियों का भी अभिषेक किया. मठ के पं. पवनदास महाराज ने बताया कि विद्वानों के निर्देशन में स्वस्तिवाचन के बीच सुबह चरण पादुकाओं का पूजन किया गया. शुक्रवार से मठ पर श्रावणी अनुष्ठान भी प्रारंभ हो जाएंगे।

## अखंडधाम पर लगी शिष्यों की कतार



बिजासन रोड स्थित प्राचीन अखंड धाम आश्रम पर गुरूपूर्णिमा महोत्सव में सुबह से आश्रम पर भक्तों का मेला जुटा रहा. महामंडलेस्वर डॉ. स्वामी चेतन स्वरूप के पाद पूजन में महिलाओं द्वारा भजन-कीर्तन का क्रम भी पूरे समय चलता रहा. आश्रम परिवार के हरि अग्रवाल एवं भावेश दवे ने बताया कि महाआरती में सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, समाजसेवी प्रेमचंद गोयल, विजय गोयल, विजयसिंह परिहार, किशोर गोयल, सचिन सांखला, पूर्व पार्षद भरत पारेख, राजेन्द्र मित्तल, सीए विजय गोयनका, रणधीर दग्धी सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर सदगुरू देवों को पुष्पांजलि समर्पित की. पांच सौ से अधिक भक्तों ने दीक्षा प्राप्त की, वहीं 5 हजार से अधिक भक्तों ने गुरू प्रसादी का भी पुण्य लाभ उठाया। श्रद्धा सुमन सेवा समिति की ओर से राजेन्द्र गर्ग, राजेन्द्र सोनी, मुरलीधर धामानी, डॉ. चेतन सेठिया आदि ने गुरू पूजन किया. आश्रम के महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी चेतन स्वरूप का पूजन करने के लिए अनेक श्रद्धालु बाहर से भी आए. समाजसेवी विष्णु बिंदल, विजय गोयल, न्यायमूर्ति सत्येन्द्र जोशी आदि ने सभी भक्तों की अगवानी की. गुरू वंदना स्वामी राजानंद महाराज ने प्रस्तुत की.

## दादू महाराज ने दीक्षा के साथ दिए बिल्वपत्र पौधे



डॉ. दादू महाराज संस्थान द्वारा आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव इस वर्ष गांधी हॉल में अपार श्रद्धा, भव्यता और आध्यात्मिकता के साथ सम्पन्न हुआ. इसके उपरांत दादू महाराज ने शिष्यों को गुरु मंत्र दीक्षा प्रदान की और उन्हें बिल्व पत्र का पौधा भेंट किया. सभी शिष्यों को यह संकल्प भी दिलवाया गया कि वे पौधे की पेड़ बनने तक देखभाल करेंगे. गुरुजी द्वारा गुरु दीक्षा के साथ ही प्रत्येक शिष्य को मंत्र जाप की माला और मंत्र जाप गिनने की इलेक्ट्रॉनिक मशीन भी दी गई, जिससे वे नियमित साधना में सक्षम बन सकें. सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुंबई से पधारे बॉलीवुड गायक मोनू राठौर ने जाको राखे साइयां जैसे गीतों और भजनों से उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, नागिन फेम शशि डेक्शन ने अपनी विशेष प्रस्तुति दी. इस अवसर पर गुरु चरणों में पाद पूजन और प्रवचन का आयोजन भी हुआ, जिसमें देश-विदेश से आए शिष्यों ने भाग लिया. संस्थान के राम मूंदड़ा ने बताया कि परंपरा अनुसार इस वर्ष भी शहर के पांच प्रतिष्ठित समाजसेवियों को सम्मानित किया गया. कांतिलाल बम शिक्षा क्षेत्र, रमेश मूलचंदानी क्वींस कॉलेज, अभिषेक झा वेदांश इंटरनेशनल स्कूल, नवीन गोधा समाज सेवा व धर्म कार्य, मधुसूदन धनगर सीहोर को समाज में एकजुटता हेतु योगदान का किया गया. इन सभी को सम्मानित किया गया।

## यतीजी महाराज का पादुका पूजन कर



सांवेर रोड स्थित श्री भारतीय संस्कृति शिक्षा संस्थान ट्रस्ट विश्वनाथ धाम पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया ।ग्रह मंडल पूजा, पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं लघु रुद्री अभिषेक के पश्चात ब्रह्मालीन स्वामी बालकृष्ण यति महाराज एवं भवानीनंदन यति महाराज का चित्र एवं पादुका पूजन हुआ. संस्था सचिव पंकज मित्तल एवं धीरेन पटेल ने बताया विश्वनाथ धाम पर भक्तों का ताता दिन भर लगा रहा. मुकेश कचोलिया ने बताया कि पूरे श्रावण माह विश्वनाथ धाम पर पार्थिव शिवलिंग का लघु रूद्री अभिषेक सतत जारी रहेगा। इस अवसर पर सुभाष गोयल, मुकेश कचोलिया, रामदास अग्रवाल, पंकज मित्तल, अनिल मदान, प्रो.धन्नालाल गोयल, राधेश्याम शर्मा, गणेश गोयल, मुन्ना अग्रवाल, धनसिंह पटेल, अजय अग्रवाल, राजकुमार सापडिया, मीरा गोयल, नीरू अग्रवाल, शाहित अनेक श्रद्धालु भक्तिजन उपस्थित रहे.

## प्रभानंद गिरि की समाधि पर पुष्पांजलि

अन्नपूर्णा आश्रम परिसर में गुरूपूर्णिमा महोत्सव के उपलक्ष्य में आश्रम के न्यासी मंडल की ओर से आश्रम के संस्थापक ब्रम्हलीन स्वामी प्रभानंद गिरि महाराज की समाधि पर पूजन एवं अभिषेक किया गया. समाधि को विशेष रूप से पुष्पों से श्रृंगारित किया गया था। इस अवसर पर



अन्नपूर्णा आश्रम के संचालक स्वामी जयेन्द्रानंद गिरि, स्वामी विवेकानंद गिरि, स्वामी विजयानंद गिरि, स्वामी दिव्यानंद गिरि, स्वामी ज्ञानेश्वरानंद गिरि एवं स्वामी कृष्णबोधानंद गिरि ने समाधि पर पुष्पांजलि समर्पित की. आचार्य पं. कल्याणदत्त शास्त्री के निर्देशन में विद्वान आचार्यों द्वारा मंत्रोच्चार के बीच आश्रम परिवार के श्याम सिंघल, सत्यनारायण शर्मा, सुनील गुप्ता, विष्णु बिंदल, जगदीश पटेल आदि ने महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि महाराज के सान्निध्य में पूजा-अर्चना कर पुष्पांजलि समर्पित की. इसके बाद आश्रम से जुड़े हजारों भक्तों ने महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरी महाराज का पाद पूजन भी किया. मंदिर पर सुबह से देर शाम तक भक्तों की कतारें लगी रहीं.

## संत लादूनाथ महाराज का प्रतिमा का पूजन



मारवाड़, मालवा एवं निमाड़ अंचल के तपोनिष्ठ संत सदगुरू श्री लादूनाथ महाराज के भक्तों द्वारा संतश्री लादूनाथ महाराज गुरू आश्रम न्यास समिति ट्रस्ट के तत्वावधान में गुरू पूर्णिमा महोत्सव पर रामकिशन महाराज के सानिध्य में माली मोहल्ला, एमओजी लाईन स्थित महाप्रचंड हनुमान मंदिर गुरूआश्रम पर भक्तों का मेला जुटा रहा. आश्रम स्थित संत लादूनाथ महाराज की प्रतिमा पर सैकड़ों भक्तों ने पुष्पांजलि समर्पित की. इसके पूर्व सत्संग एवं भजन का दौर भी चला. मंदिर के पुजारी योगेश सुईवाल, भक्त मंडल के रामलाल साबरवाल, रोहित सियोटा, विजय अग्रवाल, मयूर सूईवाल एवं बाबूलाल जैन सहित सैकड़ों भक्तों ने महाआरती में भाग लिया. इसके पूर्व प्रतिमा का दुग्धाभिषेक भी किया गया.

## धरावरा धाम पर पादुका पूजन



धार रोड स्थित धरावरा धाम आश्रम पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर आश्रम के महंत स्वामी शुकदेव दास महाराज के सानिध्य में आश्रम के संस्थापक ब्रह्मलीन स्वामी घनश्याम दास महाराज की चरण पादुकाओं का पूजन सुबह से प्रारंभ हो गया, जो दोपहर तक चलता रहा. आश्रम प्रबंधन समिति एवं भक्त मंडल की ओर से डॉ. सुरेश चौपड़ा, सुधीर अग्रवाल एवं सीताराम नरेड़ी ने बताया कि आज से ही महंत शुकदेवदास महाराज के सानिध्य में अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ भी हुआ, जो पूरे माह 10 अगस्त तक चलेगा. इस अवसर पर आश्रम परिवार के गोविंद मंगल, दिनेश गर्ग, गोपाल गोयल, नानूराम चौधरी एवं ललित अग्रवाल भी मौजूद थे. आश्रम पर प्रतिदिन मंशापूर्ण महादेव का अभिषेक-पूजन भी होगा.

### विवेक महाराज के सानिध्य में अनूठा पर्जन्य यज्ञ

जब तक हम प्रकृति, परमात्मा और सनातन धर्म के नैतिक मूल्यों को स्वीकार कर आगे बढ़ेंगे, ये सब हमको दोगुना वापस लौटाएंगे। गुरू



पूर्णिमा के इस पर्व पर हमें संकल्प करना होगा कि हम एक पौधे की देखभाल भी पुत्र के रूप में करेंगे और आने वाले समय में अपनी नदियों को पवित्र एवं साफ-सुथरा बनाए रखने में भी सहयोग करेंगे। पर्यावरण जितना अच्छा होगा, हमारा आचरण भी उतना श्रेष्ठ होगा. ये अभिनव विचार हैं गुरूदेव विवेक महाराज के, जो उन्होंने श्री गुरू सेवा संस्थान एवं श्री आनंद धाम भक्त मंडल द्वारा गुरू पूर्णिमा महोत्सव के उपलक्ष्य में चिमनबाग स्थित स्काउट मैदान पर आयोजित पर्जन्य यज्ञ के दौरान व्यक्त किए और प्रकृति की महिमा बताई. संस्थान के अंकुश झंवर एवं सिद्धांत बर्वे ने बताया कि इस बार गुरू पूर्णिमा के उपलक्ष्य में सुबह प्रकृति संरक्षण हेतु पर्जन्य यज्ञ, भगवान शिवाशिव का संयुक्त होमम तथा शाम को भजन संध्या का आयोजन भी किया गया।

## गीता भवन में स्वामी प्रणवानंद का पाद पूजन



मनोरमागंज स्थित गीता भवन पर इस बार चातुर्मास के दौरान भक्तों को देश के चार बड़े संतों के प्रवचनों की अमृत वर्षा का पुण्य लाभ मिल सकेगा। सुबह गुरू पूर्णिमा महोत्सव पर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी प्रणवानंद सरस्वती का गीता भवन ट्रस्ट की ओर से शाल-श्रीफल भेंटकर पाद पूजन किया गया। महामंडलेश्वरजी के देशभर से आए शिष्यों का भी सम्मान किया गया. गुरू पूर्णिमा के उपलक्ष्य में गीता भवन की परंपरा के अनुसार ट्रस्ट मंडल की ओर से अध्यक्ष राम ऐरन, मंत्री रामविलास राठी, महेशचंद्र शास्त्री, मनोहर बाहेती, प्रेमचंद गोयल, टीकमचंद गर्ग, दिनेश मित्तल, हरीश माहेश्वरी एवं सत्संग समिति के अन्य सदस्यों ने स्वामी प्रणवानंद का पाद पूजन कर शाल-श्रीफल भेंट किए. स्वामी प्रणवानंद ने देशभर से आए अपने शिष्यों और भक्तों को आशीर्वचन देते हुए पांच संकल्प दिलाए. उन्होंने कहा कि सभी भक्तों को अपने बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी देना होंगे.

## गुरुपूर्णिमा पर्व पर हंसदास मठ में उमड़ा आस्था का सैलाब



गुरुपूर्णिमा का पर्व महामंडलेश्वर नितिनदास महाराज के दिव्य सान्निध्य में हंसदास मठ, बड़ा गणपति परिसर में आयोजित हुआ. पावन अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लग गया. हजारों भक्तों ने महाराज श्री का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया. इस अवसर पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, सांसद शंकर लालवानी, अखिल भारतीय बलाई समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार, प्रदेश अध्यक्ष चिंटू मालवीय, क्षेत्रीय पार्षदगण और शहर की कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने भाग लेकर पादपूजन कर गुरुचरणों में श्रद्धा अर्पित की. पूरे आयोजन का संचालन नित् पवित्रम सेवा संस्था परिवार द्वारा किया गया, जो वर्षों से सामाजिक और आध्यात्मिक सेवा में संलग्न है. मठ परिसर भक्ति, मंत्रोच्चार और गुरुवंदना से गुंजायमान रहा.

# सीएस गर्ग भारत सरकार के अपीलीय प्राधिकरण में सदस्य नियुक्त



**इंदौर.** भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) के पूर्व अध्यक्ष सीएस आशीष गर्ग को भारत सरकार द्वारा गठित अपील प्राधिकरण का सदस्य नियुक्त किया गया है. यह प्राधिकरण देशभर के चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, कंपनी सेक्रेटरीज़ तथा कॉस्ट अकाउंटेंट्स से संबंधित पेशेवर या अन्य कदाचार के मामलों में अपीलों की सुनवाई करता है. सीएस आशीष गर्ग इस प्राधिकरण में शामिल होने वाले मध्यप्रदेश से पहले सदस्य हैं. वे वर्तमान में इंदौर से प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी हैं तथा उनका मूल निवास उज्जैन, मध्यप्रदेश में है. गर्ग जी वर्ष 2020 में भारतीय कंपनी सचिव संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं. उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी भारत का नेतृत्व किया है और कॉर्पोरेट सेक्रेटरीज़ इंटरनेशनल एसोसिएशन (CSIA) के अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान की हैं. उनकी नियुक्ति की अधिसूचना भारत सरकार के कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा 8 जुलाई, 2025 को राजपत्र के माध्यम से जारी की गई है। अधिसूचना के अनुसार, उन्हें कंपनी सचिव अधिनियम, 1980 की धारा 22 के तहत अपीलीय प्राधिकरण में सदस्य नियुक्त किया गया है. यह अपीलीय प्राधिकरण एक उच्च स्तरीय निर्णायक संस्था है, जिसकी अध्यक्षता उच्च न्यायालय के वर्तमान या सेवानिवृत्त न्यायाधीश द्वारा की जाती है. इसमें तीनों संस्थानों के दो-दो पूर्व परिषद सदस्य, तथा कानून, अर्थशास्त्र, व्यवसाय, वित्त या लेखांकन के क्षेत्र में व्यावहारिक अनुभव रखने वाले दो केंद्र सरकार द्वारा नामित विशेषज्ञ सदस्य के रूप में शामिल होते हैं. प्राधिकरण का उद्देश्य उन पेशेवरों को न्याय दिलाना है जो अपने संबंधित संस्थानों के अनुशासनात्मक आदेशों से असंतुष्ट हैं। सीएस आशीष गर्ग का इस प्राधिकरण में शामिल होना न केवल पेशेवर क्षेत्र में एक उपलब्धि है, बल्कि यह पूरे प्रदेश के लिए भी गौरव का विषय है।

गुरु पूर्णिमा | जीवन में गुरू का बहुत बड़ा महत्व है गुरू के बिना यह जीवन अधूरा है...

# गुरु चंदन के समान जो जीवन को महका देते हैं : श्रुतमुनि

**इंदौर. आज गुरू पूर्णिमा के अवसर पर महावीर भवन इमली बाजार में चातुर्मास की प्रथम पूर्णिमा गुरू पूर्णिमा के रूप में मनाई गई.**



उपप्रवर्तक श्रुत मुनि महाराज ने आज के प्रवचन में कहा कि जीवन में गुरू का बहुत बड़ा महत्व है गुरू के बिना यह जीवन अधूरा है. जिसका गुरू नही ओर जो गुरू के सानिध्य में नहीं उसका उध्दार नहीं. गुरू के सानिध्य और गुरू के ज्ञान की कोई उम्र नहीं होती है गुरू की यह महानता है कि गुरू कभी शिष्य को भूलता नहीं. यह चातुर्मास काल में ही हमें अधिकत्तर गुरू का सानिध्य मिलता है इस अवसर को हमें खोना नहीं चाहिये.

माता-पिता के बाद हमारे जीवन में जिनका स्थान है वो गुरू ही है माता पिता प्रारंभिक शिक्षा देते है ओर गुरू जीवन भर शिक्षा देते है और प्रगति का मार्ग बताते है गुरू का ज्ञान समुद्र के समान है जिसका कोई पार नहीं. तपस्वी अक्षर मुनि महाराज ने कहा कि गुरू चन्दन के समान है जो हमारे जीवन को महका देते है.

गुरू शब्द के समान है जो अपने ज्ञान से शब्दों के माध्यम से हमारे जीवन को संवारते है। ओर गुरू विचार के समान है. जो हमारे विचारों और जिज्ञासा से हमारे जीवन में ज्ञान का भंडार भर देते है.

### पीला धागा अभिमंत्रित करवाया

गुरूदेव ने गुरू के जाप के माध्यम से पीला धागा अभिमंत्रित करवाया. गुरू देव ने कहा कि यह धागा रक्षा कवच के रूप में आपके पास रखें. गुरू के जाप का बहुत बड़ा महत्व है. धर्म सभा में ट्रस्ट के महामंत्री रमेश भंडारी ने अपने उद्बोधन मे कहा कि हम गुरू के सानिध्य और आर्शीवाद से ही यहां तक पहुंचे है और आगे बढ़ रहे है. इस वर्ष गुरूदेव उपप्रवर्तक श्रुत मुनि महाराज चातुर्मास हेतु पधारें है आपका स्वागत अभिनन्दन करते है. झधर्म सभा का संचालन प्रकाश भटेवरा ने किया. धर्म सभा में अचल चैधरी, रमेश भंडारी, रखबचंद कोटावाले, महेंद्र डागरिया, विमल तांतेड़, जिनेश्वर जैन, राजकुमार पंजाबी, प्रकाश कोठारी, नगीन नरेलिया, गजेद्र बोड़ाना, गजेन्द्र तांतेड़, सुनिता छजलाणी, पुष्पा डागरिया, आजाद नरेलिया, शशी बोथरा, अशोक मंडलिक, पदम तांतेड़, आदि बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकायें उपस्थित थे.